# समाचार वाणी

**ख़बर जो करें असर !**

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


# Housefull 5 ने 800 करोड़ कमाने वाली हॉलीवुड फिल्म को पछाड़ा, Akshay Kumar की फिल्म ने मारी बाज़ी !

Publisher | Published on 19 Jun 2025



## अक्षय कुमार की 'हाउसफुल 5' ने हॉलीवुड की हाई बजट एक्शन फिल्म 'बैलेरीना' को भारत मे पीछे छोड़ा, जानिए बॉक्स ऑफिस पर कौन किस पर पड़ा भारी।

**बॉलीवुड बनाम हॉलीवुड : 'हाउसफुल 5' की तगड़ी टक्कर**

हॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित एक्शन स्पिनऑफ फिल्म '**बैलेरीना**' ने दुनियाभर में शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक **करीब 805 करोड़ रुपये** का **वर्ल्डवाइड कलेक्शन** किया है। इसके बावजूद यह फिल्म भारत में **अक्षय कुमार** की कॉमेडी ब्लॉकबस्टर '**हाउसफुल 5**' से पिछड़ गई है।

**भारत मे 'बैलेरीना' का फीका प्रदर्शन**

'**बैलेरीना**' भले ही दुनिया भर में करोड़ों कमा रही हो, लेकिन **भारतीय बॉक्स ऑफिस** पर इसका प्रदर्शन बेहद कमजोर रहा है। सैक्निल्क के मुताबिक, फिल्म ने 7वें दिन तक सिर्फ 8.96 करोड़ रुपये की कमाई की है। शुरुआती 3 दिनों के बाद तो इसका कलेक्शन 1 करोड़ रुपये प्रतिदिन भी पार नहीं कर पा रहा है।

**बजट और वर्ल्डवाइड कमाई**

**फिल्म का बजट : लगभग 90 मिलियन डॉलर (₹752 करोड़)**

**वर्ल्डवाइड कलेक्शन : 92.8 मिलियन डॉलर (~₹805 करोड़)**

इसके मुकाबले अक्षय कुमार की '**हाउसफुल 5**' ने अब तक **₹252.50 करोड़ रुपये** की कमाई की है, लेकिन भारत में यह फिल्म दर्शकों की पहली पसंद बनी हुई है।

'**हाउसफुल 5**' की पकड़ अभी भी मज़बूत

भले ही '**हाउसफुल 5**' का वर्ल्डवाइड कलेक्शन '**बैलेरीना**' से कम हो, लेकिन भारत में इसका दबदबा कायम है। दो हफ्ते बीतने के बावजूद यह फिल्म हर दिन **₹3-4 करोड़** की कमाई कर रही है। दर्शकों को इसकी मस्ती, कॉमेडी और स्टार पावर खासा पसंद आ रही है।

**बैलेरीना मे क्या है खास ?**

**लीड रोल :** एना डि अरमास
**कैमियो :** कीनू रीव्स एक बार फिर 'जॉन विक' के रूप में
**एक्शन पैक्ड स्टोरी :** 'जॉन विक चैप्टर 4' के बाद की कहानी
**निर्देशन :** लेन वाइसमैन
**स्टाइलिश स्टंट्स और हाई ऑक्टेन सीक्वेसं**

फिर भी भारत में इसकी **लोकेल** और भाषा संबंधी दूरी इसे '**हाउसफुल 5**' जैसी कनेक्टिविटी नहीं दिला पाई।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.